प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक-16.06.2024

- **अपराध नियंत्रण की दिशा में कानपुर देहात पुलिस को मिली सफलता, थाना सट्टी पुलिस द्वारा हत्या की घटना का किया गया, सफल अनावरण।**
- **थाना सट्टी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नौबादपुर में हत्या की घटना को अंजाम देने वाले 01 नफर अभियुक्त व 01 बाल अपचारी को किया गया, गिरफ्तार ।**
- **थाना सट्टी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 48/2024 धारा 302/34 भा0द0वि0 में वांछित थे, अभियुक्त व बाल अपचारी।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उप महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम हेतु व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 14.06.2024 को वादी श्री गुलाब सिंह पुत्र श्री छुन्नूलाल निवासी ग्राम नौबादपुर थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात द्वारा थाना सट्टी पर दी गयी तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 48/2024 धारा 34/302 भा0द0वि0 बनाम 04 नफर अभियुक्तगण पंजीकृत किया गया था। जिसमें थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर दिनांक 15.06.2024 को अभियुक्त रोनू पुत्र विशम्भर उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम नौबादपुर थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात को रूरगांव शेखपुर मोड से भोगनीपुर रोड पर भोगनीपुर की तरफ करीब 30 कदम की दूरी पर समय 19.52 बजे गिरफ्तार किया गया तथा दिनांक 16.06.2024 को मुखबिर की सूचना पर बाल अपचारी को शेखपुर रोड पर महकापुर मोड की तरफ करीब 50 मीटर की दूरी पर समय 08.25 बजे गिरफ्तार किया गया। अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त व बाल अपचारी को नियमानुसार माननीय न्यायालय के प्रस्तुत किया जा रहा है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त रोनू व बाल अपचारी ने पूछताछ में बताया कि सुमित अक्सर शराब पीकर गाली गलौज करता था। हम लोगों को अपनी बेइज्जती महसूस होती थी। दिनांक 14.06.2024 को पुनः गाली गलौज करने लगा, तो हम लोगों ने अपनी रोज-रोज की बेइज्जती से छुटकारा पाने के लिये मन बना लिया और सुमित को लात घूसों, जमीन व खम्भे पर पटक-पटक कर सुमित की हत्या कर दी।

गिरफ्तार अभियुक्त/बाल अपचारी का विवरण-

1. अभियुक्त- रोनू पुत्र विशम्भर उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम नौबादपुर थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात।

2. 01 नफर बाल अपचारी।

गिरफ्तार करने वाली थाना सट्टी पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष श्री शिवशंकर सिंह थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात।
2. उ0नि0 श्री राजीव कुमार थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात।
3. उ0नि0 श्री नियाज हैदर थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात।
4. का0 312 सोनू कुमार थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात।
5. म0का0 1262 मीता पटेल थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात।